तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 29 सितंबर 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



12 ई संवर्ग सहायक शिक्षकों ने मांगी वरिष्ठता सूची व रिक्त पदों ...





13 जिला प्रशासन के सतत नवाचारी पर्यटन पहल ने ...




## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

# सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जगरगुंडा में ऊर्जीकृत विद्युत उपकेंद्र हुआ स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जगरगुंडा में 3.15 एमव्हीए 33, 11 केवी का बहुप्रतिक्षित विद्युत उपकेंद्र स्थापित कर उर्जीकृत किया गया है। जिसका उद्देश्य इस नक्सल-ग्रस्त क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कर विकास को गति देना है। बिजली की सुविधा से स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और उन्हें नए आर्थिक अवसर मिलेंगे। यह उपकेंद्र राज्य के उन प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों को विकास के मार्ग पर लाने के लिए किए जा रहे हैं। पूर्व में ग्राम जगरगुंडा एवं आसपास के 56 गांमों की विद्युत सप्लाई बासागुड़ा उपकेन्द्र से थी, जहां 11 केव्ही लाईन की लंबाई 90 किमी होने से क्षेत्र में लो-वॉल्टेज की समस्या बनी रहती थी। साथ ही लाईन ब्रेकडाउन होने की स्थिति में उसके मरम्मत कार्य में अत्यधिक समय लगता था। नवनिर्मित उपकेन्द्र से 11 केव्ही के 4 नए फीडर निकले है, जिससे आसपास के 56 ग्रामों के लगभग 2396 उपभोक्ताओं एवं 15 सीआरपीएफ कैं पों को विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था हो गई है। उपकेन्द्र उर्जीकृत के दौरान विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के अधीक्षण ▶▶| शेष पेज 12 पर

## 56 ग्रामों के 2396 बिजली उपभोक्ताओं को मिली राहत

### समस्या के मिला छुटकारा

उपभोक्ताओं ने बताया कि इस उपकेन्द्र से अब गांवों में बार-बार बिजली बंद और लो-समस्या से छुटकारा मिल गया है। उन्होंने बताया कि बिजली बंद होने से ग्रामीणों के साथ-साथ पढ़ाई कर रहे बच्चों को परेशानी होती थी।



### शिकायत का शीघ्र निराकरण करें

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि इस उपकेन्द्र से 56 गांवों को राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के डीई, एई, जेई को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर शीघ्र ही निराकरण करें।

**समस्या :** दवाइयों का छिड़काव पौधे की जड़ पर करें, धीरे-धीरे असरदार होगा

# धान की फसल में भूरा माहो का प्रकोप कीटनाशक बेअसर, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धान की फसल में इन दिनों भूरा माहो का प्रकोप तेजी से फैल रहा है, जिससे किसान परेशान हैं। खड़ी फसल पैरा में बदल रहा है। किसान कीटनाशक का छिड़काव कर रहे हैं, लेकिन मौसम में बदलाव के कारण दवा का खास असर नहीं पड़ रहा है।

बकावण्ड ब्लाक के ग्राम कोर्टा ब्लॉक के किसान सौरभ दुबे, रामचन्द्र, अनिल, नरहरि, दुर्जन, वनवासी, पुनऊ ग्राम डाबगुड़ा के नरसिंग, चैतू, रूपसिंग और दामू ने बताया कि धान की फसल में इस समय भूरा माहो का प्रकोप है, जिससे फसल को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि पहली बार कीटनाशक का छिड़काव करने के बाद थोड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि भूरा माहो के साथ-साथ ब्लास्ट के कारण धान के पौधे मरने लगे हैं, जबकि इस समय अधिकतर किस्म के धान में बालियां निकल रही है, ऐसे में समय में पौधे को नुकसान पहुंचने से उत्पादन प्रभावित होगा।



### अलग-अलग तरह की दवा से भ्रमित हो रहे किसान

ग्रामीण क्षेत्र में जगह-जगह कीटनाशक दुकान हैं, उनमें अलग-अलग तरह की कीटनाशक उपलब्ध है। किसान सीधे धान के पौधे लेकर दुकान पहुंच रहे हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में जो दुकानदार दवा देता है, उसे ही छिड़काव कर रहे हैं। कई बार कीटनाशक काम करता है तो किसान को राहत मिलती है, लेकिन कई बार काम नहीं करने से दोबारा खरीदी करना पड़ता है, जिससे किसान को आर्थिक बोझ बढ़ता है।

### दवा का छिड़काव समय पर करें

कीटनाशक को पानी में मिलाकर फसल पर छिड़काव करें। बीपीएमसी जैसी दवाओं को रेत में मिलाकर पौधों की जड़ों के पास छींट सकते हैं, जो धीरे-धीरे गैस के माध्यम से भूरा माहो को मारती है।

राजीव श्रीवास्तव, उप संचालक कृषि

भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने तोकापाल और बास्तानार में बांटे सामान

# बाढ़ प्रभावित 182 परिवारों को मिली राहत सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सेवा पखवाड़ा के तहत रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने बास्तानार और तोकापाल ब्लॉक में बाढ़ प्रभावित ग्रामीण परिवारों को राहत सामग्री का वितरण किया। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय के साथ कार्यकतार्ओं के दल ने बास्तानार सामुदायिक भवन में 65 बाढ़ पीड़ति परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध करायी और तोकापाल में सामुदायिक भवन में 117 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री दी गयी। उन्होंने कहा कि बाढ़ से पीड़ति परिवारों की निरंतर मदद मुहैया करायी जा रही है। शासन से राहत इंतजाम किये गये हैं। भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा में राहत सामग्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ति परिवारों को बांटी जा रही है। ग्रामीण जनों से बात कर समस्याओं को दूर करने सतत कार्य हो रहा है।

राहत सामग्री वितरण के दौरान योगेन्द्र पाण्डेय, रोहित त्रिवेदी, विपिन मालवीय, बलदेव मण्डावी, महावती, नारायण ठाकुर, कमल ठाकुर, संतोष ठाकुर मौजूद रहे।

# महिला की मौत के बाद सीएमओ पहुंचे तारागांव, लगाया गया कैंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के विकासखंड बकावंड के तारागांव मांझीपारा में महिला की मौत की जानकारी मिलने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक शनिवार को तारागांव का दौरा किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी सहित आरएमए अर्पित चौहान, सुपरवाइजर सौरभ गौड़ अपनी टीम के साथ क्षेत्र में कैंप लगाकर इलाज करते हुए पाए गए। ग्रामीणों द्वारा एक और स्वास्थ्य कर्मचारी की मांग करने पर सीएमएचओ द्वारा दशहरा के बाद एक कर्मचारी को तारापुर सब सेंटर में दिए जाने हेतु बीएमओ को निर्देश दिया। इस दौरा कार्यक्रम में जिला के टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री और प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान की शामिल रहे।

### सांसद पहुंचे तारापुर

रविवार को सांसद महेश कश्यप ने तारापुर हेल्थ कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। सांसद ने प्रभावित परिवारों को आवश्यक दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की और स्वास्थ्य सेवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की स्वास्थ्य आपात स्थितियों में तत्परता और सही समय पर सहायता बेहद महत्वपूर्ण है।




# राज्य विधिज्ञ परिषद के चुनाव में बस्तर के दो सदस्य प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य विधिज्ञ परिषद का चुनाव 30 सितंबर को है । इसके लिए प्रदेश भर में 105 प्रत्याशियों के द्वारा अधिवक्ताओं से मुलाकात कर जोर शोर से प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बस्तर संभाग से बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के दो सदस्य भी प्रत्याशी हैं । वे भी बस्तर संभाग के सभी अधिवक्ता संघ के साथ प्रदेश का दौरा कर अपने पक्ष में मतदान की अपील अधिवक्ताओं से कर रहे हैं । कुल 23058 मतदाताओं के द्वारा 25 राज्य विधिज्ञ परिषद सदस्यों का चुनाव किया जाना है। प्रत्येक मतदाता को अपने पसंदीदा उम्मीदवार के हिसाब से 25 सदस्यों को वरीयता क्रम में मतदान करना है। इसके लिए सबसे बड़ी बात मतों की वैधता को लेकरहै कम से कम पांच प्रत्याशियों को मतदान करना अति आवश्यक है। प्रत्याशी एल ईश्वर राव ने बताया कि प्रत्येक मतदाता को मत पत्र में क्रम एक में जिसे मतदान करना है उसके आगे 1 लिखना है। इसी तरह अपने पसंद के वरीयता क्रम के प्रत्याशी के नाम के आगे क्रमांक लिख कर मत देना है। इसी तरह अपने पसंद के प्रत्याशी को वरीयता क्रम में 25 तक मत दे सकते हैं।

■ 23058 मतदाता, 105 उम्मीदवारों में से करेंगे 25 सदस्यों का चुनाव






गुप्ता लॉन में 15-20 गैर-हिंदू युवकों को नशे की हालत में पाया

# गरबा आयोजन में अनियमितता पर बजरंग दल ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में चल रहे गरबा उत्सव के दौरान अनियमितताओं की जानकारी मिलने पर बजरंग दल की टीम ने निरीक्षण किया। शुक्रवार रात गुप्ता लॉन में 15-20 गैर-हिंदू युवकों को नशे की हालत में उपस्थित पाया गया।

विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजकों को पहले ही स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि गरबा में गैर-हिंदू युवकों का प्रवेश निषिद्ध रहेगा। इसके बावजूद आयोजकों ने इस निर्देश की अनदेखी की। विहिप अर्चक पुरोहित पंकज मिश्रा ने गरबा स्थल पर माँ दुर्गा मंत्र, हनुमान चालिसा आदि का पाठ करवाया। विहिप के विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी ने कहा कि शहर में गरबा आयोजन केवल व्यवसाय बन गया है,जहाँ पैसे कमाने पर ही ध्यान दिया जा रहा है। बजरंग दल नगर संयोजक जगदीश ठाकुर ने बताया कि गत रात्रि बजरंग दल गरबा स्थलों के निरीक्षण के लिए पहुँचा। इस दौरान जिला अध्यक्ष शंकरलाल गुप्ता, जिला मंत्री नवीन देवांगन, विष्णु ठाकुर, रवि नेताम, शत्रुघ्न कश्यप, अजय सिंह, शुभम ठाकुर, काशी चालकी, पवन राजा, रोहित झा, अनिल ठाकुर, संजय मौर्य, सक्षम संगठन से कुणाल चालीस गाँव कर, शुभम गुप्ता, विहिप बजरंगदल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।



## खबर संक्षेप



### तरुण अध्यक्ष, पन्नालाल व जानकी उपाध्यक्ष बने

**धमतरी।** लिमतरा परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संगठन सचिव पद के लिए चुनाव हुआ। निर्वाचन अधिकारी धमतरी तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू, मेवालाल साहू, टीकाराम, डेरहाराम, ललित साहू, मानिकलाल, नंदघरुखा, भुनेश्वरी तथा हिरमेश्वरी साहू थे। 195 सदस्यों ने अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, दो संगठन सचिव पुरुष महिला के लिए मतदान किया। मतदान के तुरंत बाद मतगणना हुई। तरुण साहू अध्यक्ष, पन्नालाल साहू पुरुष उपाध्यक्ष, जानकी साहू उपाध्यक्ष महिला, श्रीमती पूर्णिमा बनपेला और कामता साहू संगठन सचिव चुने गए।

### शंकरदाह स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित



**धमतरी।** शंकरदाह स्कूल में 20 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। मौके पर जनपद सदस्य सत्यप्रभा साहू, सरपंच रमी गौतम, शाला विकास समिति अध्यक्ष हेमंत साहू, शोभा दुबे प्राचार्य, हेमशंकर सिन्हा, भगत साहू, रेवती ध्रुव, पुरुषोत्तम यादव, संदीप साहू, पोखन देवदास, पवन साहू, छबिलाल साहू, गंगा सिन्हा, अनीता बेर, ममता ध्रुव, नीलू सिन्हा, आशा ध्रुव, प्रमिला साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

### बड़ी करेली के शिविर में बच्चों को दिया गया स्वर्ण प्राशन

**धमतरी।** विश्व आयुर्वेद दिवस पर जिला आयुष विभाग के सहयोग से ग्राम बड़ी करेली में आयोजित शिविर में छोटे बच्चों को स्वर्णप्राशन का निःशुल्क ड्राप पिलाया गया। मुख्यमंत्री ने बड़ी करेली की बालिका प्रीति निर्मलकर पिता टिकेश्वर को अपने हाथों से आयुर्वेद स्वर्ण प्राशन ड्राप पिलाकर इसकी शुरुआत की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, सांसद रूपकुमारी चौधरी विशेष रुप से मौजूद थे। जिला स्तर के कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी डा. अवध पचौरी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा. सेवंत साहू, डा.खिलेश साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। डा. अवध पचौरी ने स्वर्ण प्राशन का लाभ बताते हुए कहा कि स्वर्ण प्राशन शिशुओं एवं बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी है। बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। स्मरण शक्ति, एकाग्रता, बुद्धि विकास में सहायक है। शारीरिक, मानसिक विकास को गति मिलती है। संक्रमण व मौसमी बीमारियों से सुरक्षा देने के साथ दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए एक मजबूत आधार बनाता है।

### तेलीनसत्ती में दुर्गा उत्सव का आयोजन

**धमतरी।** नवरात्रि पर ग्राम तेलीनसत्ती में ग्रामीण दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक रंगों से सजा एक भव्य दुर्गा उत्सव समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर तथा विशिष्ट अतिथि महेंद्र पंडित जिला महामंत्री थे। मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और मातृशक्ति की साधना का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, सौहार्द्र और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। आने वाली पीढ़ियों को संस्कार और परंपराओं से जोड़ने का माध्यम भी बनते हैं।

### पेज 11 के शेष

#### सर्वाधिक नक्सल प्रभावित ...

अभियंता एमडब्ल्यू हैनरी, कार्यपालन अभियंता सलीम खान, जूसफ केरकट्टा, अमर भगत, एनके मांझी, सहायक अभियंता फणेश्वर यादव, सुनील ध्रुव, कनिष्ठ अभियंता मनोज साहू, क्षेत्रीय लाइन कर्मचारी, एके कंस्ट्रक्शन के प्रोजेक्ट मैनेजर रवि अंके या शामिल रहे।

# ई संवर्ग सहायक शिक्षकों ने मांगी वरिष्ठता सूची व रिक्त पदों की जानकारी

**कोंडागांव में शिक्षक संघ ने संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग कार्यालय में दिया आवेदन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के कोंडागांव, केशकाल, बड़ेराजपुर ब्लॉक के साथ–साथ बस्तर जिले के जगदलपुर और तोकापाल ब्लॉक के सहायक शिक्षक इसमें शामिल हुए। बस्तर जिला सहायक शिक्षक संघ के अध्यक्ष देवराज खूंटे और कोंडागांव जिला अध्यक्ष शंकर लाल नेताम ने बताया कि 2019 में ई संवर्ग में 66 पदों पर भर्ती की गई। 2023 में 537 पदों पर भर्ती हुई। इस प्रकार अब तक कुल 603 पदों की सीधी भर्ती हो चुकी है। शिक्षकों का कहना है कि स्कूल शिक्षा भर्ती एवं पदोन्नति अधिनियम 2019 के अनुसार भर्ती और पदोन्नति का अनुपात 50–50ः होना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसे बड़ी त्रुटि मानते हुए शीघ्र सुधार की आवश्यकता है। इसलिए त्रुटिरहित वरिष्ठता सूची जारी की जाए। ई संवर्ग में रिक्त पदों की जानकारी पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराई जाए। भर्ती एवं पदोन्नति का अनुपात अधिनियम के अनुसार सुनिश्चित किया जाए।



**ये रहे उपस्थित**

*इस अवसर पर कोंडागांव जिले से प्रेमलाल यादव, श्रवण मानिकपुरी, दीपक नायक, राजेश दास, चिमन माहला, रमली देवांगन, बलराम देहारी, कोमल मरकाम, दिनेश उसेंडी, विनीता नेताम, रेवती नेताम, कुंती नेताम, पुष्पा मरापी, अनसुईया नेताम, अर्चना बनोज लावतरे, महेश साहू सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं बस्तर जिले से गणेश्वर नायक, कांशी नाथ, अधीन सोढ़ी, जुकू मौर्य समेत अन्य शिक्षक शामिल हुए। इस तरह ई संवर्ग के सहायक शिक्षकों ने विभाग को अवगत कराया कि समय रहते वरिष्ठता सूची और रिक्त पदों की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराया जाय ताकि आगे की प्रक्रियाएँ पारदर्शी तरीके से पूरी हो सकें।*

## निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत डोकाल से कौर्रा होते हुए कमारपारा तक बन रही ग्रामीण सड़क का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की तकनीकी जानकारी इंजीनियरों से ली और सड़क की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने कहा कि सड़क निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि ग्रामीण अंचल के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न करने की बात कही और समय पर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने पर बल दिया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत डोकाल-कौर्रा-कमारपारा मार्ग से आसपास के गांव सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। सड़क बन जाने से इन गांवों में रह रहे ग्रामीणों को बाजार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं तक आसानी से पहुंचने में सुविधा होगी।

**जनसमस्या : आसपास के दुकानदार व रहवासी परेशान**

# खईया पर कचरा फेंकने से उठ रही असहनीय बदबू

- कचरा डालने से जमीन 50 फीट तक हुई पोला
- भविष्य में इस जमीन पर इमारत खड़ी नहीं की जा सकती

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के मध्य स्थित खईया जमीन पर निगम द्वारा कचरा डंप किया जा रहा है जिससे असहनीय बदबू उठ रही है। बारिश में कचरे की सड़न से तेज बदबू उठ रही है जिससे आसपास के दुकानदार व सैकड़ों रहवासी परेशान हैं।

शहर के विजय गायकवाड़, सुरेंद्र ध्रुव, ईश्वर नेताम, बलराम साहनी का कहना है कि प्रशासन व निगम की ओर से इस कीमती जमीन में विकास कार्य करवाना चाहिए। वैसे भी शहर में विकास कार्यों के लिए जमीन नहीं है। ऐसे में शासन को बजट में पास होने लायक



प्रस्ताव भेजना चाहिए। शासन के सहयोग से स्कूल, कालेज, सरकारी भवन आदि बनाया जा सकता है, लेकिन यहां सालों से शहर का कचरा डंप किया जा रहा है जो जमीन को पोला कर रहा है। पोला जमीन में बिल्डिंग नहीं बनाई जा सकती। इसका सबूत डिजिटल लाइब्रेरी बनाने के समय सामने आया। जब इंजीनियरों की टीम ने जमीन का निरीक्षण किया तो पता चला कि जमीन अत्यधिक पोला है वह भी 20 से 30 फीट तक। ऐसे में 3 से 4 मंजिला इमारत नहीं बनाई जा सकती। 50 फीट तक गहरी नींव खोदने के बाद भी बिल्डिंग कमजोर बनेगी जो कभी भी गिर सकती है। जमीन के पोला होने की शिकायत मिलने पर डिजिटल लाइब्रेरी हटकेशर में बनाई जा रही है। इससे तो यही लगता है कि आने वाले कई साल तक यह बेशकीमती जमीन खाली पड़ी रहेगी ।

बारिश में कचरे के सड़ने से असहनीय बदबू उठ रही है। इससे सैकड़ों रहवासी, दुकानदार, राहगीर, तहसील दफ्तर आने वाले फरियादी, वकील, पुलिस थाना के कर्मचारी परेशान हैं। दुकानदारों का कहना है कि बदबू के कारण दिनभर सेटेंड अगरबती, धूपबती जलाकर काम करते हैं। काम के सिलसिले से आने वाले फरियादी राहगीर नाक, मुंह में रूमाल बांधकर काम करवाते हैं।

खईया के पास नागरिक सहकारी बैंक, तृतीय वर्ग कर्मचारी भवन, तहसील आफिस, एसडीएम कार्यालय, सिटी कोतवाली, कांग्रेस भवन, निगम कार्यालय, पोस्ट आफिस, दूरसंचार विभाग, शिवसिंह वर्मा स्कूल, राजस्व दफ्तर निगम कार्यालय, 25 से 30 दुकानें व सैकड़ों रहवासी हैं। सूखे के मौसम में असामाजिक तत्व यहां आग लगा देते हैं जिससे जहरीला धुआं निकलता है। यह स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

## विधायक व कलेक्टर ने किया जर्जर सड़क का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

शहर की जर्जर सड़क को लेकर आज विधानसभा केशकाल के विधायक माननीय श्री नीलकंठ टेकाम जी ने गोल्डी ढाबा से पंचवटी तक पैदल चलकर निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क की बदहाल स्थिति को देखते हुए उन्होंने कहा कि जनता की तकलीफ मेरी अपनी तकलीफ है, सड़क की मरम्मत और निर्माण कार्य अब और टलने वाला नहीं है। केशकाल शहर में अब खराब सड़कों की समस्या से राहत मिलने जा रही है। सड़क सुधार कार्य के साथ-साथ सुगम जल निकासी के लिए नाली निर्माण कार्य भी कराया जाएगा। नाली बनने से बरसात के दिनों में पानी भराव की समस्या दूर होगी और सड़क लंबे समय तक सुरक्षित व मजबूत रहेगी।

- सुगम जल निकासी के लिए नाली निर्माण से बरसाती पानी का प्रभाव होगा कम

निरीक्षण के समय नुपुर राशि पन्ना, एसडीएम, तहसीलदार, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विधायक टेकाम जी ने सड़क मरमत कार्य अगले माह से प्रारंभ कर हो जाएगा, साथ ही कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई ,ताकि आमजन को लंबे समय तक सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। विधायक जी ने कहा कि यह मार्ग विद्यार्थियों, व्यापारियों, किसानों और आम नागरिकों की जीवन रेखा है,स्थानीय नागरिकों ने विधायक जी की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि यह कदम क्षेत्र की जनता के लिए राहत और उम्मीद की नई किरण है।

## स्वच्छता मैराथन में गुंडाधुर कॉलेज के संजय ने मारा मैदान

**पीडब्ल्यूडी विभाग की प्रतियोगिता में चमका कोण्डागांव का सितारा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित मैराथन प्रतियोगिता में शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव के छात्र संजय कोर्राम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

इस सफलता से महाविद्यालय परिवार और जिले में उत्साह का माहौल है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने संजय कोर्राम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि जिले के लिए भी गौरव का विषय है। यह अन्य छात्रें के लिए प्रेरणादायी उदाहरण बनेगी।




**क्रीड़ा अधिकारी ने की सराहना**

महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु ने संजय कोर्राम की मेहनत और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रतियोगिताएँ युवाओं में स्वास्थ्य, स्वच्छता और खेल भावना को प्रोत्साहित करती हैं। संजय की जीत उनके समर्पण और लगन का परिणाम है। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र–छात्रओं ने संजय कोर्राम को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संजय कोर्राम की यह उपलब्धि स्वच्छता, स्वास्थ्य और खेल के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश देती है।

## बस्तर ओलंपिक 2025 के लिए पंजीयन 20 अक्टूबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर ओलंपिक 2025 के लिए पंजीयन 22 सितम्बर से शुरू हो चुका है। इच्छुक खिलाड़ी 20 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकेंगे। इस ओलंपिक में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराते, कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल और रस्साकशी केवल सीनियर महिला वर्ग शामिल हैं। इसके अलावा हॉकी और वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ी सीधे संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जूनियर वर्ग में 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक–बालिकाएं भाग लेंगे। सीनियर वर्ग के लिए कोई आयु सीमा तय नहीं की गई है। खिलाड़ी बस्तर ओलंपिक 2025 की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इसके लिए पासपोर्ट साइज फोटो, आधार नंबर और बैंक खाता अनिवार्य है। इसके अलावा पंजीयन जनपद पंचायत कार्यालय, शासकीय विद्यालयों और खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय विकासनगर में भी किया जा रहा है। 25 अक्टूबर से 5 नवम्बर विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 5 से 15 नवम्बर जिला स्तरीय प्रतियोगिता 24 से 30 नवम्बर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता जगदलपुर में होगी।

## दिव्यांग व वृद्धजनों को वितरित किया गया निःशुल्क बस पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

सेवा पखवाड़ा के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों और अतिवृद्धजनों के लिए निःशुल्क बस पास वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी ने 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के अतिवृद्धजनों, पैर से दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को निःशुल्क बस पास कार्ड प्रदान किए। कार्यक्रम में बस पास प्राप्त करने वाले वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को साल और श्रीफल देकर सम्मानित भी किया गया। साथ ही वृद्ध हितग्राहियों के लिए परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। समाज कल्याण विभाग की ओर से यह पहल सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जरूरतमंदों के लिए की गई है, ताकि उन्हें सुगम परिवहन सुविधा मिल सके और वे बिना किसी बाधा के यात्र कर सकें। कार्यक्रम के समापन पर समाज कल्याण विभाग की अधिकारी ललिता लकड़ा ने उपस्थित सभी अतिथियों और हितग्राहियों का आभार व्यक्त किया।




## फूल रथ की हुई पांचवीं परिक्रमा



जगदलपुर। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व में रियासतकालिन परम्परानुसार रविवार को फूल रथ की पांचवीं परिक्रमा शुरू की गई। परिक्रमा से पूर्व दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी द्वारा मां दंतेश्वरी के छत्र को सजाए गए चार पहियों वाले फूल रथ में रथारूढ़ कराया गया। पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी। इसके बाद परिक्रमा शुरू की गई जो सिंहड्यौढ़ी से होते हुए जगन्नाथ मंदिर से होते हुए गोलबाजार, जयस्तंभ चौक, मिताली चौक होते हुए वापस सिंहड्यौढ़ी पहुंची। इस दौरान रथ परिक्रमा देखने सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

**मामला श्वान बधियाकरण : निगम में जमा राशि भी होगी राजसात**

# हरियाणा की नैन एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

श्वान के बधियाकरण को लेकर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने सख्त कदम उठाना प्रारंभ कर दिया है। एफडीआर राजसात सहित ब्लैक लिस्ट की तैयारी की जा रही है। बता दें कि श्वान के बधियाकरण के लिए निकाली गई निविदा में नैन फाउंडेशन ने बढ़चढ़कर भाग लिया था और निगम के साथ अनुबंध भी कर लिया था जिसके आधार पर निगम ने संबंधित एजेंसी को कार्य आदेश मई माह में ही जारी कर दिया था। लेकिन एजेंसी ने टालमटोल करते हुए एक माह निकाल दिया। जुलाई माह में आवेदन देकर स्थल की मांग की। निगम ने जुलाई में ही स्थल चयन कर संबंधित एजेंसी को अवगत कराया और कार्य शीघ्र प्रारंभ करने कहा। एजेंसी ने पुनः टालमटोल करते हुए निगम द्वारा बताए गए स्थल को अनुपयुक्त बताकर नए स्थल की मांग की। निगम ने शहर के कई स्थलों से एजेंसी को अवगत कराया तथा श्वान का शीघ्र बधियाकरण करने का निर्देश दिया। फिर भी एजेंसी के द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। निगम ने जुलाई में प्रथम नोटिस जारी करने के बाद पुनः दूसरा नोटिस कुछ दिनों बाद जारी किया और 24 घंटे के भीतर कार्य प्रारंभ करने कहा तब जाकर एजेंसी ने पूर्व बताए गए स्थलों को छोड़कर अन्य नए स्थान को चिन्हांकित करते हुए सुभाष नगर वार्ड स्थित स्थल को उपयुक्त बताया। स्थल पर फेंसिंग अथवा जाली लगाने की मांग की। निगम ने श्वान के बधियाकरण के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी और दो दिवस के भीतर स्थल पर फेंसिंग एवं जाली लगवा दिया। स्थल पूरी तरह से तैयार होने के बाद भी एजेंसी ने कार्य प्रारंभ नहीं किया। दूरभाष से संपर्क करने के बाद भी एजेंसी द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी गई।



एजेंसी द्वारा कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दिए जाने के कारण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने का नोटिस निगम आयुक्त ने जारी कर दिया है और निर्देशित किया कि 24 घंटे के भीतर नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्र अंतर्गत श्वानों का बधियाकरण एवं टीकाकरण कार्य प्रारंभ कर अवगत कराएं अन्यथा एजेंसी द्वारा जमा की गई एफडीआर की राशि को राजसात कर लिया जाएगा।

## अंगीकार 2025 के अंतर्गत हुआ आवास मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अंगीकार 2025 के तहत विकास नगर सामुदायिक भवन में आवास मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे सहित पार्षदगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मेले में राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, पीएम सूर्यघर योजना, उज्ज्वला योजना, आधार सेवा केंद्र एवं पीएम स्वनिधि योजना के स्टॉल लगाए गए। हितग्राहियों को इन योजनाओं की जानकारी व लाभ एक ही मंच पर उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में सफाई क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सफाई मित्र दीदियों को सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगणों ने उन्हें प्रमाण पत्र वितरित कर उनके योगदान की सराहना की।

## कौशल, शिक्षा और रोजगार के जरिए युवाओं को दे रहा है सशक्त भविष्य का आधार

### एएम, एनएस इंडिया का दक्ष कार्यक्रम में 160 युवा हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

देश के अग्रणी उद्योग समूह एएम,एनएस इंडिया ने एक बार फिर अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। कंपनी ने दंतेवाड़ा जिले में अपने प्रतिष्ठित दक्ष डिजिटल स्किलिंग फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत प्रमाण पत्र एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम आईसेक्टर लिमिटेड और नैसकोम फाउंडेशन के सहयोग से संचालित है। जिसका उद्देश्य युवाओं को डिजिटल युग की मांगों के अनुरूप कौशल प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर एवं रोजगार योग्य बनाना है। समारोह में लगभग 160 युवा शामिल हुए, जिनमें से 126 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र और 30 प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि जयंत नाहटा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कौशल विकास ही दीर्घकालिक सफलता की कुंजी है। एएम,एनएस इंडिया जैसे संस्थान युवाओं के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रहे हैं। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिकारी, समाजसेवी और उद्योग जगत से जुड़े गणमान्य उपस्थित रहे। एएम,एनएस इंडिया की ओर से के.टी. राव जे.जी.एम. किरंदुल, विनय डीजीएम और सीएसआर टीम ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कंपनी का ध्यान सिर्फ उत्पादन पर नहीं, बल्कि कौशल विकास, शिक्षा और स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाने पर केंद्रित है। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि एएम,एनएस न केवल देश की आर्थिक प्रगति का सहभागी है, बल्कि समाज के साथ मिलकर परिवर्तन लाने वाला एक संवेदनशील और उत्तरदायी संगठन भी है। एएम,एनएस इंडिया का विश्वास है कि वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का समान अवसर मिले यही सोच उसे एक सच्चे समाज-केंद्रित उद्योग के रूप में अलग पहचान देती है।



#### ठोस मंच प्रदान कर रहा

एएम,एनएस का दक्ष कार्यक्रम केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को रोजगार, स्वावलंबन और आत्मविश्वास की दिशा में एक ठोस मंच प्रदान कर रहा है। कंपनी की यह पहल दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान का मजबूत माध्यम बन रही है। एएम,एनएस इंडिया ने अपने कार्यों से यह सिद्ध किया है कि भारत का औद्योगिक विकास तभी सार्थक है जब उसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस राहत सामग्री पर कर रही ओछी राजनीति



**गीदम।** नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कांग्रेस पार्टी द्वारा गुजरात भाजपा द्वारा भेजे गए राहत सामग्रियों पर की जा रही राजनीति को अमानवीय बताते हुए कहा कि भीषण बाढ़ जैसे त्रासदी में गुजरात भाजपा ने हमारे क्षेत्र की स्थिति पर चिंता व्यक्त की एवं सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए बाढ़ पीड़ितों के लिए 5 कंटेनर राशन सामग्री भेजी जिसमे कपडे, बर्तन, सूखा राशन, आलू, प्याज एवं अन्य सामाग्रियां थी। जिसका वितरण बाढ़ पीड़ति क्षेत्र में सीधे पीड़ितों से मुलाकात कर भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधी एवं कार्यकर्ताओं ने किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी भीषण त्रासदी में एक तरफ जहां शासन, प्रशासन, एनएमडीसी व अन्य समाजसेवी संस्थाओ साथ-साथ भाजपा संगठन जहां लोगों को राहत पहुंचाने लगा था वहीं कांग्रेस पार्टी सिर्फ ओछी राजनीति करने में लगी थी।

### मन की बात विधायक व जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी



**दंतेवाड़ा।** विधायक चैतराम अटामी ने वार्ड क्रमांक 5,बूथ क्रमांक 98 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुप्रतीक्षित मन की बात कार्यक्रम का 126 वां संस्करण का प्रसारण भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुना। जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता ने भी गीदम नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 5,बूथ क्रमांक 59 में स्थानीय भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओ के साथ देखा सभी मंडलो एवं बूथों में भी वरिष्ठ पदाघिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। गुप्ता ने कहा की मन की बात कार्यक्रम न केवल एक संवाद का माध्यम है बल्कि यह हमारे देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक चेतना को जागृत करने का एक सशक्त प्रयास भी है। इस दौरान पदाघिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

### आयुर्वेद दिवस पर बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**गीदम।** आयुर्वेद का प्रचार प्रसार करने हेतु दसवां आयुर्वेद दिवस रजत जयंती सप्ताह सरस्वती शिशु मंदिर गीदम में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों को जागरूक करने के लिए भैया बहन व आचार्य दीदियों ने नगर के मुख्य मार्ग में रैली निकाल कर जागरूकता लाने का प्रयास किया व हर घर, हर दिन आयुर्वेद जैसे नारे लगाये। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर डॉक्टर किशन ठाकुर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी गीदम एवं जेडी साहू फार्मासिस्ट ने किया।

### जिला सर्वश्रेष्ठ पर्यटन प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित

## जिला प्रशासन के सतत नवाचारी पर्यटन पहल ने दंतेवाड़ा को दी नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर दंतेवाड़ा जिले को बेस्ट डिस्ट्रिक्ट टूरिज्म प्रमोशन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राज्य स्तर पर आयोजित समारोह में पर्यटन मंत्री एवं पर्यटन विभाग के सचिव छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदान किया गया। कलेक्टर कुणाल दुदावत के नेतृत्व और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायतजयंत नाहटा के मार्गदर्शन में दंतेवाड़ा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए नवाचार और प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर यह पहचान मिली है।

जिले की रोमांचक एडवेंचर टूरिज्म, मंदिर पर्यटन, धरोहर, खानपान, संस्कृति, कला और संगीत से जुड़ी सभी झलकियों को संकलित कर एक आकर्षक पुस्तक वंडर्स आफ दंतेवाड़ा प्रकाशित की गई है। इसे राज्य के सभी प्रमुख सर्किट हाउसों में रखा गया है और विशिष्ट अतिथियों तक व्यापक रूप से वितरित किया गया है।

रायपुर, जगदलपुर, चित्रकोट और छत्तीसगढ़ के अन्य प्रमुख शहरों में जिले के पर्यटन को बढ़ावा देने वाले होर्डिंग लगाए गए हैं। जल्द ही हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगरों में भी प्रचार अभियान चलाने की योजना है।




हाल ही में छत्तीसगढ़ राइडिंग क्लब के साथ साझेदारी में आयोजित बाइक ट्रेल में 80 से 90 से अधिक बाइकर राज्य और राज्य से बाहर से दंतेवाड़ा पहुंचे और विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। बॉलीवुड अभिनेता अनिल चरंजीत ने 10 से 12 दिन दंतेवाड़ा में रहकर 6 एपिसोड की वेब सीरीज़ बनाई। प्रत्येक वीडियो को 70 लाख से अधिक इम्प्रेशन और 30,000 से अधिक लाइक्स मिले, जिसने जिले की पर्यटन छवि को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया।

### पर्यटन अवसंरचना उन्नयन

कुमार रास झील यहां वाटर स्पोर्ट्स की शुरुआत की गई है जिसमें कायकिंग बोर्ड, पैडल बोर्ड और श्रीनगर की डल झील जैसी सोलर पंप आधारित शिकारा बोट शामिल हैं। साथ ही बांस के कॉटेज, गेट और कैम्पिंग सुविधाएं विकसित की गई हैं। मलांगिर एवं झारा लावा झरनाः यहाँ भी आकर्षक गेट और कैंपिंग सुविधाओं का निर्माण किया गया है। बूढ़ा तालाबः यहाँ 450 मीटर लंबी जिपलाइन राज्य की सबसे लंबी लगभग पूर्ण हो चुकी है और शीघ्र ही उद्घाटन होगा। साथ ही मोटरबोट और कयाकिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। ढोलकल गणेश मंदिर क्षेत्र तीन एकड़ से अधिक क्षेत्र में लग्ज़री और प्रीमियम टेंट्स, बेसिक टेंट्स, रेस्तरां और कैफ़ेटेरिया वाले पर्यटन कॉटेज के लिए निविदा स्वीकृत की गई है। दंतेश्वरी मंदिर परिसर यहां संग्रहालय खोला गया है जिसमें जिले के प्रमुख मंदिरों और पर्यटन स्थलों के प्रतिरूप और नृत्य शैलियों को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही सरोवर में वाटर स्पोर्ट्स, ट्रैम्पोलिन जंपिंग, जॉबी कायक और पैडल बोर्डिंग की सुविधा दी गई है। स्मार्ट तकनीक का उपयोग दंतेश्वरी मंदिर और बारसूर मंदिर में क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर गाइड की शुरुआत की गई है। सजावटी पहल डंकिनी मुख्य पुल और बारसूर मंदिर मार्ग पर आकर्षक म्यूरल आर्ट वॉल पेंटिंग्स बनाई गई हैं। जिले में लगातार पर्यटन का विकास किया जा रहा है। इन प्रयासों से दंतेवाड़ा देश में एक उभरते हुए पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित हो रहा है।

## 2 खिलाड़ियों का नेशनल एवं 6 का राज्य स्तर पर एथलेटिक्स में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

बस्तर विकासखंड के शाउमावि. फरसागुड़ा के 6 होनहार खिलाड़ियों का चयन 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए एथलेटिक्स में हुआ जो कि 21 से 24 सितंबर तक जगदलपुर में आयोजित किया गया। इन खिलाड़ियों की उपलब्धी से समूचे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 6 बालिकाएं कु. योगिता कश्यप, कु. निशा बघेल, कु. मानसी बघेल, कु. रेखा बघेल, कु. गुडिया बघेल, कु. धनमति कश्यप का चयन किया गया। जिसमें से कु. योगिता कश्यप ऊंची कूद में सिल्वर मेडल और कु. निशा बघेल भाला फेंक में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जिससे अच्छे प्रदर्शन के कारण दोनों खिलाडियों का नेशनल स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इन सभी खिलाडियों को एथलेटिक्स का प्रशिक्षण व्यायाम शिक्षक मानकेर करंगा और हॉस्टल अधिक्षिका अनुमति बघेल द्वारा प्रदान किया गया। इन सभी बच्चों के चयन और अच्छे प्रदर्शन पर शाउमावि. फरसागुड़ा स्कूल के प्राचार्य विकास पाठक और शाला के सभी शिक्षकों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है । योगिता कश्यप और निशा बघेल दोनों खिलाड़ियों को नेशनल प्रतियोगिता के लिये शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह चयन केवल खिलाड़ियों के लिए ही नहीं बल्कि शाउ.मावि फरसागुड़ा स्कूल एवं ग्रामीण अंचल के लिए भी गौरव की बात है। इस अवसर ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती बस आवश्यकता होती है सही मार्गदर्शन और अवसर की।

## छात्र-छात्राओं को दी गई विभिन्न छात्रवृत्ति की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी ने दी जरूरतमंद छात्र छात्राओं को विभिन्न छात्रवृत्ति की जानकारी। जिसमें अजीज प्रेम फाउंडेशन जो सिर्फ छात्राओं के लिए है जो स्नातक डिग्री या डिप्लोमा प्रथम वर्ष में एडमिशन 2025 में लिया हो को प्रति वर्ष 30000 रू की छात्रवृत्ति कोर्स की अवधि तक देय है। जिसका आवेदन का प्रथम चरण 30 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है।

दूसरा चरण का आवेदन 1 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक रहेगा। 8 में अध्यनरत बच्चों के लिए नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम जो राज्य स्तरीय चयन परीक्षा के माध्यम से होगा जिसका ऑनलाइन आवेदन शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से होगा। चयनित होने पर 12500 रु प्रति वर्ष देय है। जिसका आवेदन का समय 10 अक्टूबर तक है।



साथ ही कक्षा 1 से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट तक मिलने वाली एच डी एफ सी स्कॉलरशिप के बारे में बताया गया जिसका आवेदन 30 अक्टूबर 2025 तक किया जा सकता है। उपरोक्त कार्यक्रम डॉ सजीवन कुमार कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के मार्गदर्शन, प्राचार्य दीपक कुमार घोष छिंदबहार, मनोहर सिंह बरनाला रासेयो सहायक,शी बुधराम कश्यप सदस्य रासेयो सलाहकार समिति के सहयोग से सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम में कक्षा 8 वीं अध्ययनरत बच्चे ,रासेयो स्वयं सेवक और पूर्व छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## मन की बात कार्यक्रम देश व समाज को नई दिशा देने का प्रेरणा स्रोत : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- प्रदेश अध्यक्ष ने भगत सिंह वार्ड में सुनी मन की बात

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आज भगत सिंह वार्ड के बूथ क्रं.146 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 126 वीं कड़ी का प्रसारण कार्यकतार्ओं व आमजनों के साथ सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम केवल संवाद नहीं है बल्कि समाज को नई दिशा देने वाला प्रेरणास्त्रोत है। जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री करोड़ों देशवासियों से सीधे जुड़कर सकारात्मकता, सेवा और संकल्प का संदेश देते हैं।



स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद सरदार भगत सिंह एवं भारत रत्न लता मंगेशकर की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण किया गया। देव ने शारदीय नवरात्रि की शुभकामनायें देते हुये कहा कि प्रधानमंत्री ने जीएसटी की दरों को कम करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिसका सीधा लाभ आमजनता को मिलेगा। हर वर्ग व क्षेत्र इस बड़े निर्णय से लाभान्वित होगा।

मन की बात कार्यक्रम श्रवण के दौरान महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, अविनाश श्रीवास्तव, मथुरा तिवारी, दयावती देवांगन, करण जैन, गोदावरी ठाकुर, सुरेश मथरानी,सूर्यकांत साहू, तुलसी ठाकुर, कुसुम साहू, कमला साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय जन मौजूद रहे।

## आश्रम-छात्रावासों की व्यवस्था सुदृढ़ बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय बीजापुर के इन्द्रावती सभाकक्ष में आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षक-अधीक्षिकाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सहित सभी मण्डल संयोजक, अधीक्षक-अधीक्षिकाएं एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक में आश्रम-छात्रावासों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु कलेक्टर ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। जिसमें स्वास्थ्य जांच सभी छात्रों का महीने में 2 बार स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य किया गया। मौसम को देखते हुए मलेरिया टेस्ट करवाने तथा संक्रमित पाए जाने पर दवाई देने और उन्हें पृथक कमरे में रखने के निर्देश दिए गए। छात्रों के स्थायी जाति, निवास प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के निर्देश दिए गए।

## गढ़िया शक्ति केंद्र में पदाधिकारियों ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल लोहंडीगुड़ा के गढ़िया शक्ति केंद्र प्रभारी व सरपंच भरत कश्यप एवं मंडल महामंत्री सावेंद्र सेठिया ने एकल अभियान संच के दीदीयों के साथ 126वां एपिसोड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर सभी ने उत्साह पूर्वक ध्यानपूर्वक सुना। सरपंच ने कहा कि देश एक मजबूत नेतृत्व एवं जागरूकता के साथ आगे बढ़ रहा है और पूरी दुनिया हमारी ओर देख रहा है। सभी ने एक स्वर में माना कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक संवाद है भारत के करोड़ों नागरिकों से भारत के प्रधानमंत्री का। मन की बात में आने वाले त्यौहारों पर लोकल फोर वोकल स्थानीय व्यापारियों को बढ़ावा देने की बात कही गई है। इस दौरान निरंजन कश्यप चेतन ग्वाल,मुन्ना कश्यप उपस्थित थे।



## शिविर में छड़ी, श्रवण यंत्र सहित विभिन्न सहायक उपकरण दिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

- जनपद पंचायत स्तरीय सेवा पखवाड़ा दिवस आयोजित

सेवा पखवाड़ा दिवस के अवसर पर नगर के सांस्कृतिक भवन में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक पहुंचे, जिनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें छड़ी, श्रवण यंत्र सहित विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सरिता कुडेम ने उपस्थित नागरिकों का उत्साहवर्धन करते हुए शासन की इस जनहितकारी पहल की सराहना की। वहीं, छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री अनकारी सुधाकर ने भी शासन की योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के इस प्रयास की प्रशंसा की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पेंशनरों तथा समाज के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएँ एवं सहायक उपकरण पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। शिविर को सफल बनाने में जनपद पंचायत के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा। यह आयोजन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया गया।



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**छिन्दगढ़, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202509191700002/अ-2/2024-25

**// उद्‌घोषणा //**

सर्व साधारण/ग्राम पंचायत तोंगपाल के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरदीप सिंह पिता स्व. श्री धीरज सिंह, उम्र 43 वर्ष, जाति क्षत्रीय, निवासी ग्राम तोंगपाल, तहसील तोंगपाल, जिला सुकमा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि ग्राम तोंगपाल, प.ह.नं. 15/तोंगपाल, तहसील तोंगपाल, जिला सुकमा के राजस्व अभिलेखों में दर्ज ख.नं. 27/4 रकबा 0.577 हे. स्वामित्य की कृषि भूमि है। उक्त भूमि दिनांक 04 मार्च 2016 को एम. विजय राजू पिता सूर्यनारायण राजू, जाति क्षत्रीय, निवासी ग्राम तोंगपाल से विधिवत बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया है। प्रश्नाधीन भूमि ख.नं. 27/4 रकबा 0.577 हे. में से रकबा 0.100 हे. भूमि औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित/डायवर्सन करवाना चाहता हूं। आवेदित भूमि व्यपवर्तित/डायवर्सन हेतु निर्धारित राशि भुगतान करने हेतु सहमत हूं। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ खसरा, नक्शा, बी-1 एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदित भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित डायवर्सन करने निवेदन किया गया है।

ततसंबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना दावा-आपत्ति स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/10/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**छिन्दगढ़,**
**जिला-सुकमा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### दयाराम बने बस्तर जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष



**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत गरावंड के सरपंच दयाराम कश्यप बस्तर जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने । उन्होंने आज शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य से मुलाकात की । मौर्य ने नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। इस दौरान ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष संतोष सेठिया,हनुमान द्विवेदी, अंगद त्रिपाठी समेत अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### डीएवी में बच्चों ने किया गरबा



**जगदलपुर।** आड़ावाल डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य शैलेश कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों की सांस्कृतिक और कलात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है।
कार्यक्रम में छात्रों ने गरबा के साथ-साथ फैंसी ड्रेस का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के छात्रों ने एक सुंदर सांस्कृतिक संदेश दिया, जिसमें उन्होंने हमारी संस्कृति और परंपराओं का महत्व बताया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य ने छात्रों को उनकी प्रतिभा के लिए सम्मानित किया और उन्होंने कहा कि स्कूल हमेशा छात्रों की प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत रहेगा।

### संघ विरोधी कार्य करने वाले 16 सदस्य निष्कासित

**जगदलपुर।** छ.ग.प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ बस्तर की जिलाध्यक्ष रीमा दानी ने प्रांताध्यक्ष के अनुमोदन उपरांत संघ विरोधी कार्य, अनुशासनहीनता और बहिष्कृत व्यक्तियों के साथ संघ का दुष्प्रचार करने के कारण कुछ पदाधिकारियों, सदस्यों की संघ की प्राथमिक सदस्यता को समाप्त करते हुए 3 वर्षों के लिए निष्कासित की है। जारी बयान में उन्होंने बताया कि लक्ष्मी तांडिया, वर्षा एल्काना, रुपेन्द्र सिंह, दयानंद पटेल, कु. गायत्री कामडी, निर्मला ठाकुर, रिटो अब्राहम, फांसिस विलियम रवि नाग, कल्पना सिंह, सावित्री नाग, भीकम साहू, शार्दुल गुजराल, रामानंद ध्रुव, जयप्रकाश विश्वकर्मा और रोजलीन बेचक कुल 16 लोगों पर कार्यवाही की गई है।

### भंडारा आज और 2 अक्टूबर को

**जगदलपुर।** तेजस नवयुवक मंडल द्वारा विजयादशमी एवं गांधी जयंती 2 अक्टूबर गुरुवार को विवेकानंद स्कूल के सामने दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया है। मंडल द्वारा राजमा-चावल खिलाया जाएगा। वहीं सोमवार को मिताली चौक में 12 बजे से भंडारा शुरू होगा।

## शहर में दुर्गोत्सव की धूम...



मां दुर्गा चौक में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।



पावर हाउस दुर्गोत्सव समिति।



मैत्री संघ में वीराजी मां दुर्गा की प्रतिमा।

### लालबाग मैदान में हुई बैठक में आयोजन समिति ने की चर्चा

# स्वदेशी मेला में लगेंगे 300 स्टाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा बस्तर में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वदेशी मेला लालबाग मैदान में 1 से 8 अक्टूबर तक आयोजित होगा। आज शाम लालबाग मैदान में आयोजन समिति की बैठक हुई।

■ डोम, आकर्षक झूले तथा विभिन्न राज्यों के खाद्य व्यंजनों से युक्त फूड जोन की व्यवस्था होगी

स्वदेशी मेला भारतीय उद्योग, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग एवं स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मंच प्रदान करेगा। मेले में देशभर से लगभग 300 स्टॉल लगेंगे जिनमें स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। साथ ही कार्यशालाएं एवं सेमिनार आयोजित होंगे।

मेले की तैयारी का जायजा लेने महापौर संजय पाण्डे पहुंचे। आयोजन समिति के जयेश पंचाल ने जानकारी दी कि मेला परिसर में डोम, आकर्षक झूले तथा विभिन्न राज्यों के खाद्य व्यंजनों से युक्त फूड जोन की व्यवस्था होगी।

मुख्य मंच पर रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिनमें देश के ख्याति प्राप्त कलाकार प्रस्तुति देंगे। बस्तर की लोक कला और नृत्य शैली भी विशेष आकर्षण रहेगा। इसके अतिरिक्त स्वदेशी महिला समितियों द्वारा प्रतिदिन मेहंदी, रंगोली, व्यंजन, वेशभूषा, खेलकूद, समूह नृत्य एवं गायन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत मेले में पारंगत वक्ताओं का मार्गदर्शन भी मिलेगा।

इस अवसर पर महापौर समेत नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, सुब्रत चाकी, डॉ. राम राकेश जांगिड़, भावेश सिंह, किशोर पारख, देवेंद्र देवांगन, किशोर जाधव, नवरतन जलोटा, बी जयराम, सुरेश यादव, अप्रतिम झा, कल्पना शर्मा, हेमलता नायक, मनीष मूलचंदानी, रितेश सोनी, सूरज श्रीवास्तव तेजपाल रिंकू शर्मा उपस्थित रहे।

## एनएमडीसी, बचेली परियोजना ने किया स्वच्छता मार्च का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

एनएमडीसी, बचेली में ''स्वच्छता ही सेवा 2025'' कार्यक्रम के तहत 28 सितम्बर को विषय अनुरूप ''स्वच्छता जागरुकता मार्च'' के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंजेनार व मसेनार के ग्राम पंचायत भवन के आसपास के क्षेत्रों में साफ़-सफाई की गयी। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। इसके अतिरिक्त पंचायतों के जनप्रतिनिधि, सरपंच, वार्ड पंच, कोटवार, पटेल व स्व सहायता समूह तथा अन्य की उपस्थिति रही। इस पहल का आरम्भ बचेली परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली के मार्गदर्शन से किया गया है, एवं इसका संचालन सीएसआर व मानव संसाधन विभाग द्वारा किया गया। इसी कड़ी में बचेली परियोजना के द्वारा स्वच्छता मार्च का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत सीएसआर विभाग, बचेली द्वारा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ रखने व स्वच्छ रहने से होने वाले लाभ के बारे में जागरुक किया गया। इस अवसर पर जोसी थॉमस, उप-महाप्रबंधक (मा. सं.) सीएसआर, एनएमडीसी, बचेली द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।

## विहिप ने धर्म परिवर्तन कराने वालों से सजग रहने दी ग्रामीणों को समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नानगुर प्रखंड की बैठक ग्राम पंचायत उलनार के सद्भावना भवन में आयोजित की गई। इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री नवीन देवांगन ने कहा कि आदिवासी समाज सनातन संस्कृति के असली वाहक हैं। उन्होंने धर्म परिवर्तन की निंदा की। उन्होंने गांव पहुंचने वाले धर्मपरिवर्तन कराने वाले से सजग रहने ग्रामीणों को समझाइस दी।

■ नानगुर प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की हुई बैठक

बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि यह सनातन संस्कृति के लिए खतरा है। लोगों को शिक्षा चिकित्सा के नाम पर गुमराह कर धर्म परिवर्तन कर उनके धर्म संस्कृति को नष्ट किया जा रहा है।

उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू ने ग्रामीणों से एकजुट रहने और समाज को गुमराह करने वालों को जवाब देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य ग्रामीणों को सनातन संस्कृति के महत्व के बारे में जागरूक करना और समाज को गुमराह करने वालों के खिलाफ एकजुट करना था। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव और विचार रखे, जिससे विश्व हिंदू परिषद की योजनाओं को और भी बेहतर बनाया जा सके। बैठक में जिला मंत्री प्रेम चालकी, ईश्वर कश्यप, प्रखंड अध्यक्ष सोम नाग, प्रखंड संयोजक बसंत, सह संयोजक नारायण, गौ रक्षा प्रमुख आदि उपस्थित थे।

## फुटबाल में यंग स्टार बना चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



स्व. धीरज डेविड स्मृति 7 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को फाइनल मैच खेला गया। फुटबॉल एकादमी विरुद्ध यंग स्टार फुटबॉल क्लब मध्य खेला गया, जिसमें यंग स्टार ने 1-0 से जीत हासिल की। मैच के मुख्य निर्णायक आशीष खरे थे। बेस्ट फॉरवर्ड ऑफ टुर्नामेंट में अमित बेला (फुटबॉल अकादमी) को दिया गया। बेस्ट डिफेंस ऑफ टूनामेंट राजीव नाग(यंगस्टर फुटबॉल) को दिया गया। बेस्ट लिक टूनामेंट ऑफ समीर धनफूल को दिया गया, बेस्ट गोलकीपर ऑफ टूनामेंट अयांश यादव को दिया। बेस्ट प्लेयर ऑफ टूनामेंट रोहित ठाकुर को दिया गया और रेफरी राहुल, अनीश और शैलेंद्र कश्यप, आकाश नाथ ने किया।

मैच में दर्शकों की जबरदस्त भीड़ थी। मंच का संचालन पार्षद सूर्या पानी और जितेंद्र फाउलर सिंह ने किया। इस दौरान विनीत डेविड, सूर्य कुमार हारून, दन्तेश्वर राव, राजकमल हारून, जितेंद्र फाउलर सिंह, प्रीतीश जेकब, विजयसील सुता, राजकिशोर हारून, धर्म नारायण साहू, चंदमोहन वर्मा, संतोष यादव, कातो पानी, मनोज ठाकुर, विनय शर्मा, राजू नायक, जगतार सिंह, सूर्या पानी और याकूब जान भी उपस्थित थे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अनिमेष दास एवं जान नाथ द्वारा दी गई।

## चिन्हांकन, पातन व लगुण कार्य का हुआ प्रदर्शन, प्रशिक्षण, विशेष कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

प्रवरण सह सुधार कार्य वृत्त चिन्हांकन, पातन व लगुण कार्य को करते हुए सूक्ष्म अवलोकन कर वनों के विभिन्न स्तरीय आयाम जैसे स्थल गुण श्रेणी, वनों की उत्पादकता, वानिकी कार्यों में आधुनिक तकनीक का प्रयोग, कार्य दक्षता में वृद्धि आदि के विषय में प्रायोगिक रूप से जानकारी प्रदाय कर समस्त प्रतिभागियों के शंका समाधान किया गया। यह प्रदर्शन, प्रशिक्षण कार्यशाला समस्त वृत्त के वन मंडलों के कूप में हो रहे कार्यों की गुणवत्ता में निश्चित रूप से सुधार करने में सहायक होगा। कार्यशाला में मुख्य वन संरक्षक आलोक तिवारी, मुख्य वन संरक्षक, (वन्यप्राणी) सुश्री स्टायलो मण्डावी, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, सामाजिक वानिकी



बस्तर वन मण्डलाधिकारी शमा फारुकी, बीजापुर के वन मंडलाधिकारी रंगानाधा रामा कृष्णा वाय, सुकमा के वन मंडलाधिकारी प्रशिक्षु सुमेध सुरवड़े, समस्त सहायक वन संरक्षक, परिक्षेत्र अधिकारी, समस्त वन मैदानी कर्मचारियों एवं वन रक्षक प्रशिक्षणार्थियों, वन विद्यालय की उपस्थिति में मुख्य वन संरक्षक के नेतृत्व में सीमांकन, मार्किंग, पातन के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## योजनाओं का फायदा उठा रहे अपात्र लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



बस्तर युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर व्याप्त गंभीर अनियमितताओं पर आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं विभिन्न योजनाओं में लापरवाही और भ्रष्टाचार का असर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास पर पड़ रहा है।

■ महिला बाल विकास विभाग की गड़बड़ियों को दूर करने युकां ने सौंपा ज्ञापन

बच्चों व महिलाओं में लगातार कुपोषण की वृद्धि, आंगनबाड़ी पंजीकरण और वास्तविक लाभार्थियों में बड़ा अंतर, पोषण आहार का समय पर वितरण न होना, राशन की कालाबाजारी एवं पोषण ट्रैकर पर गलत आंकड़े दर्ज करना, मातृ वंदन, लाड़ली लक्ष्मी और पोषण अभियान जैसी योजनाओं का लाभ अपात्र लोगों तक पहुंचना, कई आंगनबाड़ी भवन जर्जर स्थिति में, शुद्ध पेयजल और शौचालय की सुविधा का अभाव जैसी समस्याएं एवं आर्थिक गड़बड़ी से योजना का लाभ पात्र को नहीं मिल रहा है। उन्होंने मांग की है कि जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक अधिकारी प्रकाश सिंदे ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

ज्ञापन देने पहुंचे युवा कांग्रेस के हेमंत कश्यप समेत जिला सचिव विजय भारती, एकादशी बघेल, मनबोध बघेल, एवं रामचंद्र बघेल शामिल थे।

## मन की बात जनता से सीधे जुड़ने समाज को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 126वें अंक को बस्तर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उलनार बूथ क्रमांक 201 में सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप और जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे की उपस्तिथि में संपन्न हुआ।

सांसद ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं है,बल्कि जनता से सीधे जुड़ने और समाज को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार बस्तर के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्रामीणों से सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने का भी आग्रह किया। सांसद ने यह भी साझा किया कि हाल ही में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य कैबिनेट सदस्य,प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री व गृह विजय शर्मा सहित कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर बस्तर दशहरा में आमंत्रण दिया है।इस बार के मुरिया दरबार की ऐतिहासिक रस्म में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आगमन हैं, जिससे यह अवसर और भी स्मरणीय बनेगा।

वेद प्रकाश पांडे ने मन की बात कार्यक्रम में उपस्तिथ जनो का अभिवादन करते हुए भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा चलाए जा रहे नक्सल मुक्त अभियान और बस्तर के विकास के रोडमैप पर प्रकाश डाला।

## प्रधानमंत्री स्वदेशी सामान खरीदने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 126 वां संस्करण का श्रवण पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में भाजपा कार्यकतार्ओं ने किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में गुरु गोविंद सिंह वार्ड के पार्षद संग्राम सिंह राणा उपस्थित रहे।

■ प्रधानमंत्री के मन की बात भाजपाईयों ने सुनी

प्रधानमंत्री ने फेस्टिवल सीजन, आत्मनिर्भर भारत, लोकल फॉर वोकल की बात कही। इस बार त्योहारों में स्वदेशी सामान ही खरीदे। जो देश में तैयार हुआ है वही सामान खरीदे। भारत सरकार छठ पर्व को यूनेस्को की लिस्ट में शामिल करने का काम कर रही है।

आज लता मंगेशकर की जयंती है । भारतीय संस्कृति और संगीत में रुचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। अमर शहीद भगत सिंह हर भारतवासी विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणा पुंज है। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है गांधी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया और इनके खादी सबसे प्रमुख थी। 2 अक्टूबर को कोई ना कोई खादी प्रोडक्ट जरूर खरीदें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 साल पूर्ण हो रहे हैं। यह यात्रा अभूतपूर्व है। मन की बात कार्यक्रम में सोशल मीडिया प्रभारी ब्रिजेश शर्मा, शेखर साव, बूथ अध्यक्ष देव कुमार झा, नीलू यादव, पूजा यादव, रघुवीर पांडेय, अमित पांडेय एवं अन्य उपस्थित रहे।

